संक्षिप्त

धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन 7 से

झालावाड़ । शान्ति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्ति पीठ झालावाड़ द्वारा 7 मई से चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन गायत्री चेतना केन्द्र रलायता परिक्रमा मार्ग पर किया जावेगा। गायत्री शक्ति पीठ के प्रवक्ता ओम पाठक ने बताया कि गायत्री शक्ति पीठ झालावाड़ द्वारा 7 मई से 108 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए रविवार को प्रात:काल धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारियों के तहत भूमि पूजन किया गया। गायत्री शक्ति पीठ के मुख्य ट्रस्टी शैलेन्द्र यादव, अन्नु यादव ने निर्विघ्न रूप से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक हो इसके लिए विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ भूमि का पूजन किया गया। यह पूजन गायत्री शक्ति पीठ के गोपाल शर्मा, चन्द्रशेखर श्रोत्रिय, मदन सिंह तथा ज्वाला प्रसाद ने करवाया। सभी दिशाओं में भूमि का पूजन किया गया तथा आयोजन के लिए तैयारियां प्रारम्भ की गई।

मनुष्ययारी की यात्रा कर लौटे

छबड़ा। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित साधना स्थल मनुष्यारी से हिमालय पर्वतीय कठिन यात्रा एवं मौन साधना करके आए गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी छीतरलाल गुर्जर, दिनेश भार्गव, प्रीतमसिंह मेहता, अंजना भार्गव, प्रार्थना बाई मेहता का गायत्री मंदिर पर भव्य स्वागत किया गया गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी मानसिंह धनोरिया ने बताया कि छबड़ा क्षेत्र से पहले परिजन सौभाग्यशाली रहे कि उन्हें मनुष्ययारी जाने की स्वीकृति मिली। जिनका स्वागत करने वालो में गायत्री शक्तिपीठ के उप प्रबंधक ट्रस्टी ओम प्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष गंगाधर मौर्य, हरिओम सेन, मीडिया प्रवक्ता रामचरण प्रजापति, प्रकाशचंद्र गुर्जर, रघुवीर रावल, रामचरण प्रजापत (मवासा), सीताराम चंदेल, मेघराज गुर्जर, रामबाबू मीणा, छीतर लाल गुर्जर (छोटा), गणेशराम मीणा, राजेंद्र ओझा, रामकल्याण नागर इत्यादि मौजूद थे।

सेवाभाव की परिभाषा को किया चरितार्थ

बूंदी। एक बार फिर रोटरी क्लब की सेवाभाव की परिभाषा चरितार्थ हुई। रविवार 4 मई को बाहर के जिलों सहित दूर दूर से अभ्यर्थी नीट ;यूजीद्ध परीक्षा.2025 के पेपर देने चित्तौड रोड़ पर बांगा माता मंदिर के स्थित परीक्षा केंद्र राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पहुंचे। जहां परीक्षा केंद्र के बाहर छाया और पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से अभ्यर्थी और उनके साथ आए परिजनों को भयंकर धूप में बाहर खुले में परेशान होते रहे। ऐस में राहगीरों की सूचना पर रोटेरियन जितेंद्र सिंह छाबड़ा और हाशम भाई ने अभ्यर्थी और उनके साथ आए परिजनों परेशानी को समझते हुए परीक्षा केन्द्र के बाहर छाया पानी की व्यवस्था करवाई।

गर्मी से बचाव के लिए व्यवस्था

छबड़ा। कार्यवाहक ईओ यादवेंद्र यादव के नेतृत्व में पालिका टीम द्वारा गर्मी के मौसम में आमजन को हीट वेव से बचाव के लिए कस्बे के चौराहों पर छाया व्यवस्था के लिए टेंट लगवाए गए हैं। टेंट में कुर्सी एवं ठंडी हवा के लिए कुलर, पीने के पानी की व्यवस्था के लिए ठंडे पानी की मटकियों की व्यवस्था की गई ताकि आमजन को भीषण गर्मी से राहत पहुंच सके ताकि आगामी दिनों में भी आमजन को सुविधा मिल सके।

ऊर्जा मंत्री नागर ने किया गावों में जनसंवाद, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

- बपावर क्षेत्र के कोटड़ा, लबानिया, बरां, चरेल में दिए समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश
- मंत्री नागर ने देवनारायण मंदिर से कोटड़ा के बीच रोड और लबानिया से चरेल के बीच पुलिया, चरेल खाल पर सुरक्षा दीवार बनाने का आश्वासन दिया

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने जनसंवाद किया

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार देर शाम तक बपावर क्षेत्र के कोटड़ा, लबानिया, बरां, चरेल समेत विभिन्न गांवों में घूमे। उन्होंने लोगों से जनसंवाद किया और ग्रामीणों की समस्याएं जानीं। इस दौरान मंत्री नागर ने परिवाद लेकर अधिकारियों को मौके पर ही समयबद्ध निस्तारण के आदेश भी दिए। इस अवसर पर प्रधान जयवीर सिंह, उप-प्रधान ओम नागर अड्डूसा, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला परिषद सदस्य लाल किशनचंद, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सोनी, युवा मोर्चा के जितेंद्र नागर मौजूद रहे।

जन संवाद के दौरान ग्रामीणों ने कोटड़ा और बरां के बीच रास्ते की पुलिया, ग्रेवल सड़क बनाने की मांग की। मंत्री नागर ने कोटड़ा में कीचड़ से मुक्ति दिलाने के लिए इंटरलॉकिंग कार्य, शमशान के निर्माण कार्य कराने के लिए मौके पर ही पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से बात कर सर्वे कर एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने कोटड़ा खेल मैदान में पानी भरने की समस्या बताई। जिस पर मंत्री नागर ने वीडीओ को बुलाकर मैदान में मिट्टी भराने और इंटरलॉकिंग कराने के निर्देश दिए। गांव में हेड पंप पर अतिक्रमण होने की समस्या बताई। जिस पर मंत्री नागर ने तीन दिन में सभी हेड पंपों को मुक्त कराकर चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने नरेगा कार्य के द्वारा रास्तों का सुदृढ़ीकरण करने, चारागाह भूमि का सीमाज्ञान 10 दिन में करने के लिए कहा।

मंत्री नागर ने देवनारायण मंदिर से कोटड़ा के बीच रोड और लबानिया से चरेल के बीच पुलिया, चरेल खाल पर सुरक्षा दीवार बनाने का आश्वासन दिया। वहीं डूब क्षेत्र में आ रहे मुक्तिधाम के लिए अलग जगह चिन्हित करने के भी बात कही। उन्होंने तहसीलदार को बुलाकर सभी परंपरागत आम रास्तों को शीघ्रता से रिकॉर्ड में दर्ज करने के आदेश दिए। लबानिया में ग्रामीणों ने स्कूल भवन के दो भागों में होने की जानकारी दी। उन्होंने इस भवन को अतिरिक्त कक्षा कक्ष बनाकर एक ही जगह स्थापित करने की मांग की। वहीं शमशान के लिए जमीन आवंटन के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। मंत्रा नागर को ग्रामीणों ने शमशान भूमि पर 33 केवी लाईन गुजरने की शिकायत की। जिस पर उन्होंने प्रस्ताव बनाने के लिए निर्देशित किया।

हत्या करने वाले फरार चालक को किया डिटेन

कोटा, (निसं)। मंडाना थाना इलाके के गोपालपुरा टोल प्लाजा के समीप शनिवार रात्रि को कार्य के दौरान चालान कटने से नाराज ट्रेलर चालक द्वारा आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश कुमार पर जानबूझकर ट्रेलर चढ़ाकर उसकी हत्या करने के मामले में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए घटना के कुछ ही घंटो में आरोपी ट्रेलर चालक को डिटेन कर लिया।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि शनिवार रात्रि को गोपालपुरा टोल प्लाजा के समीप ड्यूटी के दौरान जिला परिवहन विभाग के निरीक्षक नरेश कुमार द्वारा ओवरलोड ट्रेलर का चालान काटने से नाराज ट्रेलर चालक ने आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश बलवाल पर ट्रेलर चढ़ा दिया। निरीक्षक नरेश कुमार बलवाल (38) की मौत हो गई। फरार ट्रेलर चालक जिला अजमेर के सरवाड़ निवासी भागचंद गुर्जर को डिटेन करने में सफलता हासिल की, साथ ही पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त ट्रेलर को भी जप्त कर लिया है।

नीट यूजी परीक्षा संपन्न, कम रह सकती है कटऑफ

- प्रारंभिक विश्लेषण के अनुसार गत वर्ष की अपेक्षा कट ऑफ कम से कम 100 नंबर नीचे आएगी

कोटा, (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की नीट यूजी 2025 परीक्षा रविवार को संपन्न हुई। इस बार नीट का पर्चा काफी टफ आया है। इसके चलते एग्जाम के बाद परीक्षार्थियों के चेहरे उतरे हुए नजर आए। परीक्षा देकर बाहर आए अधिकांश कैंडिडेट्स का कहना था कि कटऑफ भी कम रहेगी। परीक्षार्थियों ने कहा कि पेपर काफी लंबा था। फिजिक्स का पार्ट सबसे टफ था। फिजिक्स के प्रश्नों ने उन्हें परेशानी में डाल दिया। यहां तक कि अभ्यर्थियों से बड़ी संख्या में सवाल छूट भी गए। इसके बाद बायोलॉजी भी काफी कठिन थी। स्टेटमेंट और असर्स रीजनिंग के सवाल पूछे गए। केमिस्ट्री बीते साल से कठिन थी। एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने कहा कि ओवरऑल अगर प्रश्न पत्र की बात की जाए तो यह बीते साल से काफी कठिन था। फिजिक्स के सवालों ने देशभर में हड़कंप मचा दिया। इसके चलते इस बार कटऑफ कम रहेगी। अधिकांश विद्यार्थी फिजिक्स के चलते परेशानी में आए हैं। दूसरी तरफ कोटा के परीक्षा केंद्र के बाहर छात्र-छात्राएं के चेहरे पर मुस्कान गायब थी। कुछ विद्यार्थी तो रोते हुए बाहर आए। उदयपुर से पेपर देने कोटा आए जयेश खेर का कहना था कि पेपर बहुत कठिन था। पिछली बार से फिजिक्स के सवाल इस बार काफी कठिन थे। यह प्रश्न पत्र पूरा मॉडरेट लेवल पर था यानी सरल और कठिन के बीच का। बायोलॉजी और केमिस्ट्री में थोड़ा ठीक था लेकिन फिजिक्स का लेवल काफी हाई था।

कोटा में रहकर तैयारी कर रही बिहार की मेहताब ने कहा कि मेरा पेपर भी एवरेज गया। मुझे काफी हार्ड लगा। फिजिक्स भी काफी हार्ड थी। पिछली बार पेपर लीक हुए तो इस बार काफी टाईट कर दिया गया। मेरे अकॉर्डिंग पूरी तरह हार्ड था। इस बार कटऑफ कम रहने के चांस है। फिजिक्स में सीधे सवाल नहीं पूछे गए। घूमा फिरा कर प्रश्न पूछे गए थे। बायोलॉजी में काफी स्टेटमेंट से प्रश्न पूछे। केमिस्ट्री में बायोलॉजी और फिजिक्स से थोड़ा ठीक थी।

आकाश कोचिंग राजस्थान के रीजनल डायरेक्टर अखिलेश दीक्षित ने बताया कि इस बार पेपर काफी कठिन रहा है। प्रारंभिक विश्लेषण के अनुसार गत वर्ष की अपेक्षा कट ऑफ कम से कम 100 नंबर नीचे आएगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का फिजिक्स पेपर पिछले वर्ष की तुलना में काफी कठिन रहा। प्रश्न लंबे, कैलकुलेशन आधारित और विषय की गहन समझ योग्य थे। कक्षा 11वीं और 12वीं दोनों के सिलेबस से समान रूप से प्रश्न पूछे गए थे। केमिस्ट्री के पेपर का स्तर मध्यम से कठिन रहा। प्रश्न लंबे और कॉन्सेप्ट बेस्ड थे। पेपर एनसीईआरटी बेस्ड था जिसे हल करने में समय लगा और इसमें लंबी कैलकुलेशन थी।

अवैध देशी कट्टा जिंदा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान मुख्बीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी कट्टा लोडेड एक जिंदा कारतूस 12 बोर सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया की थाने के सहायक उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद मय जाप्ता इलाके में गश्त कर रहे थे उसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि नया भदाना स्थित सरकारी स्कूल के पीछे कोई अवैध देशी कट्टा लेकर घुम रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुखबीर द्वारा बताया गये हुलिये के आधार पर मौके पर खड़े व्यक्ति को डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देशी कट्टा लोडेड़ एक जिंदा कारतूस 12 बोर को बरामद किया। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए तुल्लापुरा निवासी रणजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

जातीय जनगणना लागू होने पर राहुल गांधी का राजस्थानी परंपरा से स्वागत

- राहुल गांधी के विशाल कटआउट पर विजय तिलक लगाकर 251 फीट का साफा पहनाया
- कोटा में प्रदेश कांग्रेस सदस्य क्रांति तिवारी के नेतृत्व में राहुल गांधी का आभार कार्यक्रम आयोजित किया गया है

कोटा, (निसं)। जातीय जनगणना को लेकर कांग्रेस के लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लंबे समय से संघर्ष करते आ रहे हैं। जिससे जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी लागू हो सके। इसी मांग को लेकर राहुल गांधी लंबे समय से सरकार से संघर्ष कर रहे थे और सरकार पर लगातार दबाव बनाए गया था। इसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस के सदस्य क्रांति तिवारी ने कोटा में जीत का सेहरा किसके नाम राहुल गांधी तेरे नाम के नारों की तक्तियां बनवा कर और कांग्रेस के बड़े-बड़े झंडा लेकर राजस्थान की सत्कार परंपरा के अनुसार राहुल गांधी के विशाल कटआउट पर विजय तिलक लगाकर 251 फीट का साफा पहनाया। इस आभार कार्यक्रम में सैकड़ो कांग्रेस के कार्यकर्ता एकत्रित हुए और जोर-जोर से जीत का सेहरा किसके नाम राहुल गांधी तेरा नाम जैसे नारे लगाए। तिवारी ने बताया कि भाजपा की सरकार ने हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के दबाव में और जनता की भावना को देखते हुए भारत में जातीय जनगणना को करवाने का फैसला किया है। फैसले का हम सब स्वागत करते हैं। भाजपा की सरकार को जाति जनगणना करवानी होगी। इस प्रकार देखा जाए तो यह पूरी तरह से हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की जीत है। इस दौरान कांग्रेस के जिला महासचिव एडवोकेट मनीष गुर्जर ने कहा की राहुल गांधी ने जातीय जनगणना के लिए बहुत संघर्ष किया है और केन्द्र की भाजपा की सरकार राहुल गांधी की मांग को स्वीकारना पड़ा स्वीकारना ही पड़ा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस के जिला महासचिव एडवोकेट मनीष गुर्जर, धीरेन्द्र शर्मा, हर्ष शर्मा, अशोक मेघवाल, उदयभान सिंह, अजय खचोतिया, दीपक मीणा, तौसीफ खान, अमर सिंह पंवार, नितेश महावर, डीके, सहदेव पांडे, हिरदेश सक्सेना, बबलू राठौर, बिट्टू मालवीय, अजय प्रजापति, हर्ष गौतम, गोपाल सेन, रमेश चंचलानी, इकबाल चौधरी, अशफाक खान, अकरम खान, अक्षय शर्मा, डोनी जांगिड़, बृजराज बैरवा, राजा वर्मा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा विधायक ने दिखाए मांस की अवैध दुकानों को लेकर सख्त तेवर

कोटा, (निसं)। भाजपा के 2023 में सत्ता में आने के बाद कोटा दक्षिण से भाजपा विधायक संदीप शर्मा ने शहर में मांस की अवैध दुकानों पर आपत्ति जताई थी। तब कुछ अवैध दुकानों पर कार्रवाई हुई थी लेकिन उन्होंने यह मुद्दा फिर उठाया है। विधायक शर्मा ने नगर निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निर्देश दिए कि मांस की अवैध दुकानों पर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ यह भी कहा कि अगर अवैध दुकान नहीं हटाई जाती है तो धरना प्रदर्शन भी करेंगे। इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरने की चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि इसके बाद अधिकारियों को कार्रवाई करनी ही पड़ेगी। विधायक की चेतावनी के बाद शहर में मांस की दुकानों के संचालकों में हड़कंप मच गया। भाजपा विधायक संदीप शर्मा ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि शहर में संचालित मीट की अवैध दुकानें बंद कराए। जो सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध दुकानें चला रहे हैं उन्हें नोटिस देकर तत्काल बंद कराए। इधर इस मामले में नगर निगम के आयुक्त अनुराग भार्गव ने कहा कि पहले भी यह मुद्दा उठा था तब उन्होंने 150 के आसपास सफेद दुकान चिन्हित की थी। इनको नोटिस दिए गए। इनके जवाब में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का लाइसेंस इन्होंने पेश किया था। हालांकि इस लाईसेंस की पूरी जानकारी जुटाई तो सामने आया कि पैक्ड नॉनवेज की बिक्री हो सकती है लेकिन खुले में अवैध तरीके से मीट की बिक्री नहीं की जा सकती। ऐसे में नियम के तहत नगर निगम कार्रवाई करने जा रहा है। इधर मीट की दुकानों को लेकर सरकार प्रशासन की सख्ती को देखते हुए कई दुकान संचालक सर्किट हाउस में विधायक और निगम के अधिकारियों से मिलने पहुंचे। बैठक में सीएमएचओ डॉ.नरेंद्र नागर व अतिक्रमण प्रभारी तरुणकांत सोमानी मौजूद रहे।

सार-समाचार

गेट खोलते समय अचानक हुई गार्ड की मौत

कोटा, (निसं)। देश में कई सारे साइलेंट हार्ट अटैक के मामले सामने आ चुके हैं। ऐसा ही मामला कोटा में भी सामने आया है। जहां पर सिक्योरिटी गार्ड की अचानक मौत हो गई है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। दरअसल, सुबह 5.30 बजे के आसपास उन्होंने कार आने पर गेट खोला और उसके बाद गेट लगाते समय ही गिर गए थे। अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना डीसीएम चौराहे के नजदीक स्थित शुभांगन कॉलोनी की है। कॉलोनी के सुपरवाईजर महेश प्रजापति का कहना है कि मृतक 55 वर्षीय नंदकिशोर प्रजापति मूल रूप से धाकड़खेड़ी के निवासी हैं। शनिवार रात को वह स्वस्थ ही ड्यूटी पर आए थे। सुबह 5.30 बजे गेट बंद करने के दौरान अचानक गश खाकर गिर गए। इसके बाद उनकी मौत हो गई। सूचना पर उनके परिजन और पुलिस भी पहुंच गए थे। मृतक नंदकिशोर के बेटे दीपक का कहना है कि उनके पिता को कोई बीमारी नहीं थी किसी भी तरह की कोई दवा भी वह नहीं ले रहे थे। सुबह कॉलोनी से ही घटना के संबंध में फोन आया था तब मौके पर पहुंचे। उन्हें एमबीएस अस्पताल लेकर गए थे। इसके बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

सार्वजनिक शौचालयों का लोकार्पण

कोटा, (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 तथा बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के तहत कोटा उत्तर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 1 गोरधनपुरा में नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय का रविवार को स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने वर्चुअल मोड से लोकार्पण किया। नगर निगम कोटा उत्तर के नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रारंभ किए गए स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश के विभिन्न शहरों व कस्बों में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया गया है। इसी क्रम में कोटा में बने दो सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। स्वायत्त शासन मंत्री खर्रा ने गोरधनपुरा निर्मित शौचालय का रविवार को लोकार्पण किया। इन शौचालयों के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक जनसुविधा मिलेगी और स्वच्छता व सफाई बनी रहेगी। नगर निगम कोटा उत्तर के अधीक्षण अभियंता कुलदीप प्रेमी ने बताया की वार्ड न.1 के गौरधनपुरा में नवनिर्मित शौचालय में पुरूष व महिला दोनों के लिए जन सुविधा उपलब्ध हैं। इसी प्रकार से जेडीबी गर्ल्स कॉलेज में भी सुविधायुक्त शौचालय बनाए गए हैं। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री अनुसुईया गोस्वामी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा बलिता, वार्ड न. 1 के पार्षद रवि मीणा, सहायक अभियंता मोतीलाल चौधरी व राकेश कुमार एवं कनिष्ठ अभियंता मीनल जोशी, समाज सेवी, वार्ड के बारे निवासीगण व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

विद्युत पोल से अवैध होर्डिंग्स व बैनर हटाये

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी के निर्देशानुसार विद्युत पोल से अवैध हॉडिंग व बैनर हटाने की कार्यवाही उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में की गई। नगर निगम कोटा उत्तर के उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया ने बताया की राजस्व अनुभाग टीम के साथ उत्तर के क्षेत्र में विधुत पोल पर लगे अवैध हॉडिंग व बैनर हटाने की कार्यवाही के.एस.टी से प्रारंभ कर जेल रोड से होते हुए नयापुरा क्षेत्र तक कार्यवाही की गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानो से अवैध हॉडिंग व बैनर हटाकर वहा की स्वच्छता व सुन्दरता को दुबारा से कायम किया गया। नगर निगम उत्तर के उपायुक्त सिसोदिया ने कहा की इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी और यदि किसी भी व्यक्ति व समिति द्वारा अवैध बैनर या हॉडिंग लगा रखे है तो वे स्वयं के स्तर पर हटाले अन्यथा संबंधित के प्रति नगर पालिका अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी व एफ.आई.आर दर्ज करवाई जाकर कानूनी कार्यवाही संबंधित प्रति की जाएगी।

पश्चिम एक्सप्रेस का टर्मिनल मुंबई सेंट्रल स्टेशन से बदलकर बांद्रा टर्मिनस किया गया

कोटा, (निसं)। बांद्रा टर्मिनस पर अतिरिक्त पिट लाईनों के निर्माण से संबंधित बुनियादी ढांचे के उन्नयन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। इसके परिणामस्वरूप, पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या 12925/12926 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस के ओरिजिनेट/टर्मिनेट करने के लिए टर्मिनल को मुंबई सेंट्रल स्टेशन से वापस बांद्रा टर्मिनस स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 12925/12926 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस के टर्मिनल और समय में परिवर्तन किया गया है। ट्रेन संख्या 12925 मुंबई सेंट्रल-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस 1 जुलाई, 2025 से बांद्रा टर्मिनस से 11.30 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 12926 अमृतसर-मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस 3 जुलाई, 2025 से बांद्रा टर्मिनस पर 14.30 बजे टर्मिनेट होगी। हालांकि, मध्यवर्ती स्टेशनों पर ठहराव के समय में कोई बदलाव नहीं होगा। उपर्युक्त ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया वेबसाईट इन्क्वायरी इंडियन रेल पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

कोटा, (निसं)। संविधान बचाओं जिला स्तरीय रैली की तैयारियों को लेकर आज 5 मई सोमवार को काँग्रेस कार्यालय गुमानपुरा पर बैठक रखी गयी है जिसकी अध्यक्षता शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी करेंगे बैठक में संविधान बचाओं रैली प्रभारी पानाचंद मेघवाल शिरकत करेंगे 11 मई को होने वाली संविधान बचाओं रैली में सम्मलित होने की तैयारियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रूप रेखा बनाई जायेगी । बैठक में सांसद प्रत्याशी, विधायक, विधायक प्रत्याशी,अग्रिम संघठनो के पदाधिकारी व समस्त काँग्रेस कार्यकर्ता आवश्यक रूप से सम्मलित होकर बैठक में भाग लेंगे।

कोटा डोरिया हाड़ौती विकास संस्थान के अध्यक्ष बने वाहिद अंसारी

कोटा, (निसं)। कोटा डोरिया हाड़ौती विकास संस्थान (केडीएचएफ) कार्यसमिति का आयोजन रविवार को किया गया। मीटिंग में संस्था के अध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी द्वारा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया गया और कार्यकारिणी द्वारा उनका इस्तीफा स्वीकार किया गया साथ ही इस्तीफा स्वीकार करने के बाद कार्यकारिणी के उपस्थित सभी सदस्यों ने संस्थान के उपाध्यक्ष अब्दुल वाहिद अंसारी को संस्थान का नया अध्यक्ष चुना साथ ही रिक्त चल रहे कोषाध्यक्ष पद पर भी कार्यकारिणी द्वारा सिराज ढलवाल को पदस्थापित किया गया। अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के साथ ही नए पदाधिकारियों का कार्यकारिणी सदस्य व आमजन ने माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष वाहिद अंसारी का कहना था कि वह कोटा डोरिया को लेकर आ रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे साथ ही इसे और भी अधिक आगे बढ़ाने का प्रयास सभी का सहयोग लेकर किया जाएगा। सरकार के स्तर पर जो बेहतर किया जा सकेगा वह किया जाएगा। नई कार्यकारिणी पूरे विवेक व सभी को साथ लेकर कार्य करेगी और कोटा डोरिया की पहचान को और चार चांद लगाएगी।

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम 01 बारां
फर्म मैसर्स रामप्रसाद आशीष कुमार
बनाम
फर्म मैसर्स आकांक्षा ऐजेन्सीज वगै.
दावा वास्ते वसूली रकम मूल राशि 10,00,000/- रुपये एवं दायरी दावा तक ब्याज 40,000/- रुपये कुल 10,40,000/- रुपये अक्षरे दस लाख चालीस हजार रुपये, प्रकरण संख्या : 72/2024
बनाम :- (1) फर्म मैसर्स आकांक्षा ऐजेन्सीज, दीनदयाल पार्क के पास, बारां जिला बारां (2) श्रीमती रेणु पत्नि स्व. श्री कमल कुमार अग्रवाल निवासी- दीनदयाल पार्क के पास, बारां जिला बारां (राज.) हाल निवासी- वासुदेव रेजीडेंसी तलवंडी, कोटा जिला कोटा (राज.) (3) रिषिका पुत्री स्व. श्री कमल कुमार अग्रवाल निवासी- दीनदयाल पार्क के पास, बारां जिला बारां (राज.) हाल निवासी- वासुदेव रेजीडेंसी तलवंडी, कोटा जिला कोटा (राज.) (4) देवांश पुत्र स्व. श्री कमल कुमार अग्रवाल नाबालिग जर्येवली संरक्षक प्राकृतिक माता श्रीमती रेणु पत्नि स्व. श्री कमल कुमार अग्रवाल निवासी- दीनदयाल पार्क के पास, बारां जिला बारां (राज.) हाल निवासी- वासुदेव रेजीडेंसी तलवंडी, कोटा (5) मनोज कुमारी पत्नि स्व. श्री चन्द्रमोहन जाति महाजन निवासी- दीनदयाल पार्क के पास, बारां जिला बारां (राज.)
वादी ने आपके विरुद्ध उपरोक्त आशय का वाद संस्थित किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 06 माह 05 सन् 2025 को दिन में 7:30 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) के लिए समय दिया जाता है। आप न्यायालय मे स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिपक्षी या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 06 मास 03 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
आदेशानुसार
वरिष्ठ रीडर
मुद्रा
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
क्रम सं.-1, बारां (राज.)

नेत्र महाधिवेशन कार्यक्रम में देश-विदेश के 12 हजार से अधिक नेत्र विशेषज्ञों ने लिया भाग

- डॉ. सुरेश पाण्डेय ने प्रोफेसर चार्ल्स मेकगी एवं प्रोफेसर फ्रेंक मार्टिन को अपनी पुस्तक 'एन आई फॉर द स्काई' भेंट की



डॉ. सुरेश पाण्डेय ने प्रोफेसर चार्ल्स मेकगी एवं प्रोफेसर फ्रेंक मार्टिन को अपनी पुस्तक एन आई फॉर द स्काई भेंट की

कोटा, (निसं)। एशिया पैसिफिक एकेडमी ऑफ आप्थेलमोलॉजी एवं ऑल इण्डिया आप्थेलमॉलोजिकल सोसायटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित नेत्र महाधिवेशन यशोभूमि कनवेंशन सेन्टर, नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। इस नेत्र महाधिवेशन कार्यक्रम में देश-विदेश के 12 हजार से अधिक नेत्र विशेषज्ञों ने भाग लिया। ऑल इण्डिया आप्थेलमॉलोजिकल सोसायटी के इस नेत्र महाधिवेशन में सुवि नेत्र चिकित्सालय, कोटा के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ.सुरेश पाण्डेय ने भाग लिया। डॉ.सुरेश पाण्डेय ने प्रोफेसर चार्ल्स मेकगी एवं प्रोफेसर फ्रेंक मार्टिन को अपनी पुस्तक 'एन आई फॉर द स्काई' भेंट की जिसकी उन्होंने प्रशंसा की। डॉ.सुरेश पाण्डेय ने पके हुए मोतियाबिन्द एवं दो वर्ष से कम उम्र वाले छोटे बच्चों में जेप्टो प्रीसिजन नेनोपल्स नामक अत्याधुनिक तकनीक द्वारा मोतियाबिन्द आपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण नामक विषय पर वीडियो के माध्यम से अपने 10 वर्ष के अनुभवों को सांझा किया। डॉ.पाण्डेय ने छोटी पुतली वाले रोगियों में जटिल मोतियाबिन्द आपरेशन की विधि को विडियो के माध्यम से दर्शाया। उन्होनें बताया कि प्रोस्टेट ग्रन्थि की वृद्धि से पीड़ित टेमसुलोसिन नामक दवा का सेवन कर रहे रोगियों को मोतियाबिन्द आपरेशन के दौरान पुतली छोटी हो जाने के कारण कॉम्पलीकेशन होने की सम्भावनाऐं बढ़ जाती है, जिसे 'फ्लोपी आइरिस सिंन्ड्रोम' कहा जाता है। अतएव यदि आप प्रोस्टेट ग्रन्थि के बढ़ने से पेशाब में रूकावट दूर करने के लिए टेमसुलोसिन नामक दवा खा रहे हो तो इसकी जानकारी मोतियाबि